Title: Need to accord sanction to the proposal of Government of Gujarat for declaring highway between Shyamalaji and Vapi as a national highway.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : महोदय, गुजरात सरकार ने श्यामलजी, मोदासा, गोधरा, हलोल, राजपिपला एवं वापी राजमार्ग संख्या पांच को राट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करने हेतु अनुरोध कई र्वा पूर्व किया था, परंतु अभी तक यह केन्द्र सरकार में लंबित है। इस मार्ग की लंबाई 505 किलोमीटर की है एवं जहां पर यह मार्ग है, वहां पर शत प्रतिशत लोग आदिवासी वर्ग के हैं जो गरीबी और असाक्षरता के माहौल में अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। अगर इसे राट्रीय राजमार्ग घोाित किया जाता है तो इस राजमार्ग के आसपास के आदिवासी लोगों को विकास का अवसर मिलेगा और श्यामलजी से मुम्बई तक मार्ग की दूरी भी कम हो जाएगी और गुजरात के मुम्बई के मार्ग के यातायात को भी कम किया जा सकता है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस प्रस्ताव को जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान करें।